# 80वें स्वतंत्रता दिवस पर निदेशक, इग्रुआ का संदेश

इग्रुआ परिवार के सभी अधिकारीगण, प्रशिक्षकगण, कर्मचारीगण एवं प्रिय कैडेट्स, आप सभी को **80वें स्वतंत्रता दिवस** की हार्दिक शुभकामनाएँ।

आज हम उन महान स्वतंत्रता सेनानियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हैं, जिनके त्याग और बलिदान से हमारा देश स्वतंत्र हुआ। यह दिन हमें राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों का स्मरण कराता है।

इग्रुआ पिछले चार दशकों से देश को कुशल, अनुशासित और सक्षम पायलट प्रदान कर रहा है। वर्ष 2025-26 इग्रुआ के लिए उत्कृष्टता, परिवर्तन और उपलब्धियों का वर्ष रहा है।

इस अवधि में इग्रुआ ने लगभग 19,655 उड़ान घंटे प्राप्त कर पिछले 39 वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ा। वर्ष 2026 में हमारा लक्ष्य 25,000 से अधिक उड़ान घंटे का है, जिसमें पहले छह महीनों में ही लगभग 12,930 घंटे पूरे किए जा चुके हैं। हमारा पहला ए.एम.ई कोर्स भी अपनी तीन वर्ष की ट्रेनिंग पूरी कर पासआउट होने वाला है।

एयरक्राफ्ट उपयोग दर भी लगभग 850 घंटे से बढ़कर 1,765 घंटे प्रति वर्ष हो गई है, जो वैश्विक सर्वोत्तम मानकों से भी अधिक है। यह उपलब्धि हमारे प्रशिक्षकों, इंजीनियरों, कैडेट्स और प्रत्येक कर्मचारी के सामूहिक प्रयास का परिणाम है।

इन उपलब्धियों के साथ हमने सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता, वित्तीय अनुशासन, संसाधनों के बेहतर उपयोग और प्रशासनिक दक्षता पर विशेष ध्यान दिया है। परिसर के आधुनिकीकरण और बेहतर प्रशिक्षण सुविधाओं की दिशा में भी महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं।

हमारे पूर्व कैडेट्स आज देश-विदेश की प्रतिष्ठित एयरलाइनों में अपनी सेवाएँ देकर इग्रुआ का गौरव बढ़ा रहे हैं। उनकी सफलता हमारी सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक है।

प्रिय कैडेट्स, आप भारत के उभरते विमानन क्षेत्र का भविष्य हैं। उत्कृष्ट पायलट और इंजीनियर बनने के लिए ज्ञान और कौशल के साथ-साथ अनुशासन, विनम्रता, सही निर्णय क्षमता और सुरक्षा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता आवश्यक है।

आज के इस पावन अवसर पर आइए हम संकल्प लें कि इग्रुआ को और अधिक सुरक्षित, उत्कृष्ट, आधुनिक और आत्मनिर्भर बनाएँगे तथा भारत के विमानन क्षेत्र के विकास में अपना सर्वोत्तम योगदान देंगे।

**हमारा संकल्प है – "राष्ट्र सर्वप्रथम और इग्रुआ प्रथम"**

आइए, हम सभी मिलकर इग्रुआ को नई ऊँचाइयों तक ले जाएँ और भारत के आकाश को और अधिक सुरक्षित एवं गौरवशाली बनाएँ।

जय हिन्द!

*****